# विद्यार्थियों और स्टाफ ने पीले चावल देकर लोगों को मतदान की शपथ दिलाई



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जस्सूसर गेट विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया।

- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में करीब पचास हजार विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया
- रंगोली बना, प्रेरक संदेश लिखे पोस्टर के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आयोजित मंगलवार को विभिन्न गतिविधियों में करीब पचास हजार विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

शिक्षा विभाग के स्वीप प्रभारी अधिकारी अनिल बोड़ा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जस्सूसर गेट विद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ ने सामूहिक रूप से पीले चावल देकर आसपास के लोगों और राहगीरों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नत्थूसर गेट के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इसी क्रम में वैदिक चिल्ड्रन स्कूल के बच्चों ने नाटक द्वारा मतदान की अपील की।

इसी श्रृंखला में मुरलीधर व्यास नगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम मे सुबह की पारी में प्रार्थना सभा में प्रिंसिपल राजीव पुरोहित, स्टाफ तथा बच्चो ने मतदान जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय की अध्यापिका ज्योति बोड़ा और राखी पुरोहित ने मतदान पाती लिखवाई और बच्चों को घर जाकर सभी सदस्यों को लोकसभा चुनाव में मतदान की अपील करने के लिए कहा।

इसके अतिरिक्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तेलीवाड़ा में भी प्रिंसिपल जागृति पुरोहित ने मतदान के महत्व को बताते हुए बच्चों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सूरसागर ने शानदार मतदान गीत, कोचरों का चौक स्थित गोपाल बजाज स्कूल और बालिका बोथरा स्कूल ने शानदार रंगोली तथा प्रभात फेरी का आयोजन किया। प्रिंसिपल कविता अरोड़ा और भारती शर्मा ने मतदान की शपथ भी दिलवाई। जिले के नालंदा पब्लिक सीनियर स्कूल, गुरूकृपा स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल, बीबीएस, लक्ष्मीनाथ घाटी बालिका स्कूल, एम. एम. स्कूल, सार्दुल स्कूल सहित शहर की लगभग सभी सरकारी और निजी स्कूलों ने भी बढ़- चढ़कर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ को शत- प्रतिशत मतदान करने हेतु अपने घर में जाकर परिवार वालों को मतदान के लिए मतदान करने के लिए जागरूक करने हेतु अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा ने आव्हान किया।

गीता आचार्य ने बच्चों से रंगोली बनवाई और प्रेरक संदेश लिखे पोस्टर के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प किया। ग्रामीण क्षेत्रों की भी लगभग सभी स्कूलों ने स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए।

पांचू ब्लाूक के पारवा ग्राम पंचायत में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारवा में बीएड के प्रशिक्षु छात्र- अध्यापक पिछले कई दिनों से घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दे रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका ने बताया कि बीएड में इंटर्नशिप कर रहे संभागी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए वार्डवार घर-घर संपर्क कर रहे हैं।

प्रधानाचार्य ने बताया कि यह टोली संपर्क के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से आम मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू किए गए वोटर हेल्प एप, सी-विजिल एप, सक्षमा आदि के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान की तारीख और शुरू होने के समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान चलने की जानकारी दी गई। मंगलवार को शिक्षक छात्र -अध्यापक भरत मारु के नेतृत्व में सुखदेव जनागल, उमेश बिश्नोई, धनराज जनागल, यशपाल मेघवाल, मुकेश मेघवाल द्वारा वार्ड संख्या 5, 6, 7 व 9 में घर-घर संपर्क कर शत- प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया।

## लैब टैक्नीशियन दिवस मनाया

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व लैब टैक्नीशियन दिवस पर बीकानेर लैब टैक्नीशियन संघ ने जिला स्तर पर जिला अस्पताल बीकानेर में वैज्ञानिक जकारिया जेनसन की स्मृति में लैब टैक्नीशियन दिवस मनाया।

सरकार की विभिन्न योजनाओं में लैब टैक्नीशियन संवर्ग का योगदान, महत्वता योजनाओं के सफलता के लिय किए गए प्रयासों की जानकारी जिलाध्यक्ष महावीर प्रसाद सारस्वत ने दी। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने सभी को बधाई दी एवं संवर्ग का हर संभव साथ देने का आश्वासन दिया।

वहीं संजय द्विवेदी अतिरिक्त महामंत्री, बजरंग कुमार सोनी प्रदेशाध्यक्ष कॉलेज ने संवर्ग के अधिकारों और मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि जैन, डॉ. ललित आसेरी, डॉ. घनश्याम तंवर, डॉ. संजय खत्री, डॉ. अमित अरोड़ा, डॉ. इंदु, डॉ. राजश्री, डॉ. प्रवीण पेंसिया सहित आयुर्वेदिक विभाग, चर्म विभाग, ओडियोमेंट्री विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष महावीर प्रसाद सारस्वत ने 19 अप्रैल को आवश्यक रूप से मतदान करने का संदेश दिया। सुभाष जोशी, पवन भाटी, प्रेम प्रकाश, अजय किराडू, सूरज पारीक, अशोक हर्ष, ओमप्रकाश मोदी, इंद्र व्यास, पंकज महात्मा, सुनील वर्मा, मोहम्मद शरीफ, अब्दुल रहमान, रौनक सारस्वत, जुगल किशोर सोनगरा, राजेश कच्छावा, किशन व्यास, आलोक व्यास, मनोज व्यास, सौरभ पुरोहित, अर्जुन हर्ष, शिवाल मारू, ओवद हसन, जितेंद्र यादव, केदार, शिवकुमार यादव, नथमल प्रजापत, विनय, आयुष किराडू, प्रियांशी व्यास सहित सभी लैब संवर्ग के साथियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया।

## सार-समाचार

### मतदान कराने का बीड़ा उठाया




मतदाता जागरूकता अभियान के बैनर का लोकार्पण निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बच्चों में करूणा, जीव दया, नैतिकता एवं संस्कारों के उत्थान हेतु समर्पित करूणा इंटरनेशनल, बीकानेर भी मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ गई है। संस्था के बीकानेर केन्द्र के सचिव गिरिराज खैरीवाल के मुताबिक संस्था द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं एवं अन्य स्थानों पर बैनर लगाकर शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किये जाने का बीड़ा उठाया गया है। खैरीवाल ने बताया कि संस्था के जागरूकता अभियान के बैनर का लोकार्पण मंगलवार शाम को शिक्षा निदेशालय में निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट ने किया। इस अवसर पर स्टाफ आफिसर डॉ. अजय कुमार रंगा एवं सहायक निदेशक चंद्र किरण पंवार, करूणा इंटरनेशनल के डायरेक्टर जतनलाल दुगड़, उपाध्यक्ष राजेश रंगा, सचिव गिरिराज खैरीवाल, शिक्षाधिकारी घनश्याम साध, लोकेश कुमार मोदी आदि उपस्थित थे। लोकार्पण के बाद निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा को करूणा इंटरनेशनल के संबंध में जतनलाल दुगड़ ने जानकारी दी।

### एस.पी.गौरव यादव सम्मानित



राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर रोटरी क्लब ईस्ट ने जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव का सम्मान किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब श्रीगंगानगर ईस्ट के द्वारा पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान अध्यक्ष विकास जैन, सचिव कपिल अग्रवाल, रोटे. सूरज अग्रवाल, रोटे. अनिल टांटिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटे सुमेश शर्मा के द्वारा प्रदान किया गया। क्लब के अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि पुलिस की सकारात्मक कार्यशैली और मुस्तैदी की बदोलत ही आम नागरिक बेखौफ जीवनयापन करता है। इसी के मद्देनजर रोटरी कलब ईस्ट के द्वारा पुलिस कप्तान का सम्मान कर किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटे. सुमेश शर्मा ने बताया कि रोटरी ईस्ट के द्वारा सीओएससीएसटी सेल विष्णु खत्री को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब श्री गंगानगर ईस्ट ने पुलिस अधीक्षक गौरव यादव को यातायात व्यवस्था और नशा मुक्ति अभियान मे पुलिस का हरसंभव साथ देने की सहमति प्रदान की। पुलिस अधीक्षक द्वारा जल्द ही विशेष अभियान चलाने की बात कही।

### इस साल पड़ेगी भीषण गर्मी और लू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मौसम विभाग ने इस साल गर्मी और लू का प्रभाव ज्यादा दिखने का अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद से ही जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड़ पर आ गया है। इस वर्ष गर्मी एवं लू का प्रभाव अत्यधिक रहने का अलर्ट जारी होने के बाद जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले में विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसे लेकर जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर सीएमएचओ डॉ.अजय सिंगला ने अधिकारियों की बैठक ली और अलर्ट मोड पर रहने एवं सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने कहा कि भारत सरकार की ओर से जारी अलर्ट के अनुसार राजस्थान को गर्मी एवं लू से सर्वाधिक प्रभावित प्रदेशों के श्रेणी में माना गया है। प्रदेश में अप्रेल से जून माह के बीच गर्मी एवं हीटवेव का अत्यधिक प्रकोप रहने की संभावना व्यक्त की गई है। इसको ध्यान में रखते हुए आमजन को हीटवेव संबंधी बीमारियों से बचाने एवं उपचार के लिए सभी पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले का हीट एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। साथ ही रेपिड रेस्पॉन्स टीमों का गठन किया जायेगा। तेज गर्मी एवं लू के कारण होने वाली बीमारियों की जांच, दवा एवं उपचार का एक प्रभावी प्रोटोकॉल तैयार किया जा रहा है। साथ ही अस्पतालों में जांच, दवा एवं उपचार के लिए सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आरसीएचओ डॉ. मुकेश मेहता, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कर्ण आर्य, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, डीपीएम विपुल गोयल, डीएसी रायसिंह सहारण एवं डीपीएम नकुल शेखावत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### करंट से पिता-पुत्री की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के नापासर पुलिस थाना क्षेत्र में खेत में विद्युत लाइन के तार टूटने से करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्री की मौत हो गई। काशीराम पुत्र रामेश्वर लाल ने इस आशय की रिपोर्ट पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक उसका चचेरा भाई शरेरां गांव की रोही स्थित खेत में काश्त का काम करता था। खेत में अचानक विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। इस टूटे तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से अनिता (12) पुत्री टीकूराम की मौत हो गई। बेटी को बचाने के चक्कर में टीकूराम भी करंट की चपेट में आ गया। जिससे टीकूराम की मौत हो गई।

# बदमाश ने इतना पीटा कि बुजुर्ग की मौत हो गई

- लात-घूसों से की मारपीट, सिर में गंभीर चोट आने से बुजुर्ग की मौत

**बीकानेर,**(कासं)। कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में जा रहे एक वृद्ध को बदमाश ने इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई।

इस आशय की रिपोर्ट मृतक के पुत्र मस्तान चौक सिटी लाइट स्टूडियो के सामने वाली गली जोशीवाड़ा क्षेत्र निवासी सकलेन पुत्र मोहम्मद शकील ने पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि कोटगेट सब्जी मंडी के सामने आरोपी अली पुत्र मुख्त्यार अली ने उसके पिता मोहम्मद शकील ने बेवजह मारपीट की।

आरोप है कि पेट में लात-घुसे चलाए, आंख पर मुक्का मारा तथा उन्हें सड़क पर पटक दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई। आरोप है कि आरोपी ने उसके पिता से दो हजार रूपये भी छीन लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**ट्रेन से गिरे यात्री की मौत :** बीकानेर जिले में चलती ट्रेन से नीचे गिर जाने की वजह से एक यात्री की मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक से संगरिया से लालगढ़ जंक्शन बीकानेर का टिकट मिला है। दरअसल मामला बीकानेर के लूणकरनसर पुलिस थाना क्षेत्र का है। केलनसर (फलौदी) निवासी सत्य नारायण (45) का सुरनाणा गांव के नजदीक शव मिला था। शव की शिनाख्त होने पर इसकी इत्तला परिजनों को दी गई। सत्यनारायण ने संगरिया से शनिवार रात को सवा नौ बजे टिकट लिया था। रात को बीकानेर आने वाली ट्रेन से नीचे गिरने की वजह से उसकी मौत हो गई।

**पुत्रवधू ने सास का कान काटा :** जिले में एक घरेलू कलह उस वक्त पुलिस थाने तक पहुंच गई। जब एक सास ने अपनी ही पुत्रवधू से जान का खतरा होने का आरोप लगा दिया। दरअसल मामला नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र का है। सास ने पुत्रवधू पर मारपीट करने, जेवरात छीनने तथा तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

जवाहर नगर में रहने वाली सरस्वती देवी पत्नी शिवलाल सारण ने पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 14 अप्रैल को उसकी छोटी बहू दीपा ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान पुत्रवधू ने सास का कान काट लिया तथा सोने की चीज छीन ली तथा घर में तोडफ़ोड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी बहू के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीटीआई ने मोबाइल फोन और पर्स लौटाया

**बीकानेर,** (कासं)। सीटीआई ने ट्रेन में छूटे मोबाइल फोन और पर्स यात्री को लौटाया।

बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला ट्रेन संख्या 22471 के जनरल कोच में एक यात्री सुरेंद्र जनागल और उसकी मां ने बीकानेर से रतनगढ़ तक का टिकट लिया और रतनगढ़ उतर गए। बाद में उन्हें पता चला कि उनका मोबाइल फोन और पर्स जिसमें रूपए थे गाड़ी में ही रह गए और ट्रेन आगे गंतव्य के लिए रवाना हो गई।

सुरेंद्र ने तत्काल ही बीकानेर में अपने जानकार प्रवेश कुमार जोशी से संपर्क किया। प्रवेश कुमार ने हाथों-हाथ बीकानेर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पहुंचकर सीटीआई रोस्टर सुनील शादी, नूतन पटपटिया से मुलाकात करके सारी जानकारी दी। सुनील शादी ने अपने चैकिंग स्टाफ सादुलपुर ओर ट्रेन स्टाफ को फोन डिब्बे में महिला यात्री का फोन और रूपये रह गए हैं।

# महिला से छेड़छाड़, टोकने पर पति से मारपीट

- महिला के साथ छेड़छाड़ करने एवं लज्जा भंग का मामला दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। कोटगेट थाना क्षेत्र स्तिथ तोलियासर भैंरूजी गली में15 अप्रैल 2024 को दोपहर 4 बजे के करीब एक अनजान व्यक्ति द्वारा 29 वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ करने एवं लज्जा भंग का मामला सामने आया हैं।

पीड़िता द्वारा अपना नाम छुपाते हुए बताया की एक अनजान व्यक्ति जिसकी पहचान पवनपुरी निवासी सुधांशु शुक्ला पुत्र गोविंद नारायण शुक्ला के रूप में बताई जा रही हैं जो अपने 2 - 3 अन्य लोगों के साथ काफी देर से महिला का तोलियासर भैंरूजी गली में पीछा कर रहा था। फिर खुलेआम महिला को हाथ लगाते हुए छेड़छाड़ की। महिला द्वारा उसे टोकने पर भी उस व्यक्ति द्वारा दोबारा बदतमीजी करते हुए महिला को छुआ और कपड़े फाड़ने के कोशिश की । इस दौरान महिला के साथ मौजूद उसकी पति द्वारा रोकने और बीच बचाव करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा पति को गली गलौच के साथ मारपीट करने लगा। जिसमें पति के कुछ करने से पहले ही कपड़े फाड़ दिए गए और मारपीट कर गले में चैन छीनने की कोशिश की।

उक्त व्यक्ति को मौके पर पुलिस को सौंप दिया गया था और उसके साथ वाले 2-3 लोग अभी भी फरार हैं। हालांकि पीड़िता द्वारा मौके पर पुलिस को फोन कर बुला लिया गया था और तुरंत उनके साथ कोटगेट थाने पहुंचकर, उस अनजान व्यक्ति के खिलाफ धारा 354 के अंतर्गत मुकदमा संख्या 131 / 24 दर्ज करवा दिया गया हैं। अनजान व्यक्ति की पहचान सुधांशु शुक्ला के रूप में की गई।

# नई रोडवेज बसों पर फास्टैग नहीं होने से चपत

- फास्टैग नहीं लगा होने के कारण बीकानेर डिपो द्वारा डबल भुगतान किया जा रहा है

**बीकानेर,** (कासं)। रोडवेज के नवीन वाहनों पर फास्टैग नहीं लगा होने के कारण बीकानेर डिपो द्वारा डबल भुगतान किया जा रहा है। जहां एक और कर्मचारियों को दो माह से वेतन का नहीं किया जा रहा है। लेकिन डबल भुगतान कर रोडवेज को चपत लगाई जा रही है।

साथ ही सर्वे करने के उपरांत पाया गया कि आगार द्वारा जो वाहने संचालित नहीं की जा रही है। वह भी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्शाई जा रही है जिसके कारण यात्री ऑनलाइन टिकट बुकिंग कराने के बाद भी स्टैंड पर इधर-उधर घूमते हुए परेशान हो रहे हैं। स्टैंड आने के बाद मालूम होता है जिन वाहनों में उनकी टिकट बुक है अथवा ऑनलाइन पोर्टल पर दर्शाई जा रही है वह काफी लम्बे समय से निरस्त हैं। जिस कारण एक आम नागरिक का समय एवं विश्वास रोडवेज के प्रति धूमिल होता जा रहा है। यह विभाग की लापरवाही है। या ये यात्रियों की परेशानी को नजरअंदाज कर रहे हैं। इस संदर्भ में बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान प्रसाद शर्मा ने रोडवेज मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखकर बीकानेर रोडवेज बस स्टैंड पर फैली अनियमिता की जानकारी दी। यात्री भार और रोडवेज को हो रहे राजस्व नुकसान के बारे में अवगत कराया।

## बिल्ली के मुंह में इंसानी भ्रूण

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के कालू पुलिस थाना क्षेत्र में एक घर के लोग उस समय हक्के-बक्के रह गए। जब उनके घर में एक बिल्ली घुस आई। ये बिल्ली के घुसने से नहीं बल्कि बिल्ली के मुंह में सात-आठ माह के इंसानी भ्रूण को देख हक्का-बक्का रह गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कालू कस्बे की वार्ड19 में रहने वाले बंशीलाल ने पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि रात को तकरीबन आठ बजे के आसपास उसके भाई सत्यनारायण के घर एक बिल्ली सात-आठ माह का इंसानी भ्रूण लेकर आई और एक कमरे में बैड के नीचे घुस गई। परिजनों ने इस इंसानी भ्रूण को देखा तो इसकी सूचना उसको दी। जब वह मौके पर पहुंचा तो वहां सात-आठ माह का इंसानी भ्रूण पड़ा हुआ था।

# मनमोहन सिंह के भाई दलजीत कर रहे हैं बीजेपी का प्रचार

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के भाई दलजीत सिंह बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल की रैली में चुनाव प्रचार करते नजर आये

**बीकानेर,**(कासं)। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में नेताओं के पाला बदलने दौर तेजी से चल रहा है। बड़े-बड़े राजनेता और सैंकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के भाई दलजीत सिंह मंगलवार को बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की चुनावी रैली में नजर आये।

इतना ही नहीं बल्कि अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में भाजपा के लिए प्रचार भी करते हुए दिखाई दिए। दलजीत सिंह ने मोदी के विजन और विकास कार्यों के बारे में बात करते हुए बताया कि वो वर्ष 2024 से उनके प्रशंसकों में शामिल रहे हैं। बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के लिए प्रचार में पहुंचे दलजीत सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और विदेश दोनों जगह मजबूत हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक दलजीत सिंह बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के चुनाव प्रचार के लिए आए थे। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि वे 2014 से भाजपा के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के विकास के विजन ने उन्हें बहुत प्रभावित किया है। यही वजह है कि वे भाजपा के साथ हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की तारीफ करने वालों में कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। लेकिन अब कांग्रेस में बैठे नेता भी मुखर होकर प्रधानमंत्री मोदी और उनके कार्यों की प्रंशसा करने बाहर आने लगे हैं। दलजीत सिंह ने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में भारत की अंतर्राष्ट्रीय मुकाम बनी है।

# महिला, युवा, गरीब और किसान के विकास का संकल्प पत्र : अर्जुनराम मेघवाल




बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

- लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र के नाम से भाजपा का घोषणा पत्र जारी

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया जिसको लेकर भाजपा लोकसभा मीडिया सेंटर बीकानेर में आज प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता को केन्द्रीय कानून मंत्री व संकल्प पत्र समिति के सदस्य अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया। मेघवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्रीय बीजेपी मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इस संकल्प पत्र को जारी किया है। बीजेपी का यह घोषणा पत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर फोकस हैं। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के जिसमें समाज के 4 स्तंभों-महिला, युवा, गरीब और किसान के उत्थान पर जोर दिया गया है। गुड गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस और डेटा गवर्नेंस के लिए देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है। गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज का वादा, जन औषधि केन्द्रों का विस्तार होगा। मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए की जायेगी। गरीबों को 3 करोड़ घर दिए जायेंगे। मेघवाल ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जायेगी। दिव्यांग जनों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जायेगी। हम राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आयेंगे। नमो ड्रोन दीदी योजना का विस्तार किया जाएगा अब तक 01 करोड़ माताओं और बहनों को लखपति दीदी बनाया गया है।

# राजस्व संग्रह का लक्ष्य प्राप्त करने के दिए निर्देश



राजस्व संग्रहण अधिकारियों की संभाग स्तरीय बैठक को संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व संग्रह का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करने और 15 दिन में निर्धारित फॉर्मेट में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

संभागीय आयुक्त ने राजस्व संग्रहण की मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्षिक लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए गंभीर होकर मासिक मॉनिटरिंग की जाए। जिले एवं संभाग स्तर पर पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें।

संभागीय आयुक्त ने राजस्व मामलों में प्रभावी नियंत्रण के लिए आरटीओ, आबकारी विभाग, आयकर विभाग सहित संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा। सिंघवी ने संभाग में अवैध खनन रोकथाम के लिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने राजस्व संग्रहण में हुई प्रगति की जानकारी दी। बीकानेर व सीकर संभाग स्तरीय समस्त अधिकारी वीसी के माध्यम में समीक्षा बैठक से जुड़े। बैठक में परिवहन विभाग के आरटीओ राजेश शर्मा, खनन विभाग के एसएमई धर्मेन्द्र लोहरा, पंजीयन एवं मुद्रा विभाग की डीआईजी मनीषा लेघा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।